(प्रपत्र–6)

कार्य का नाम :– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0–221/2013 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में ग्राम पंचायत पष्टा की मजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला, मल्लावाला II से पीपलसार तक भूड से सडक का नव निमार्ण कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

(लम्बाई– 6.500 किमी0)

संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 17/03/2020 को प्रश्नगत प्रयोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री धीरज कोटनाला वन दरोगा लांघा अनुभाग,श्री प्रीतम सिंह चोहान वन बीट अधिकारी तोली बीट एवं राजस्व विभाग की ओर श्री जगदीश राठोर राजस्व उप निरीक्षक विनहार पश्चिम/पटवारी प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री महिपाल सिंह रावत खण्डीय अमीन के द्वारा उपरोक्त परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ समरेंखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक समरेंखण के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक अवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो समरेंखण सर्वथा उपयुक्त पाया गया है जिसमें 7.00 मी0 चौडाई एंव 850 मी0 लम्बाई में नाप भूमि एवं 7.00 मी0 चौडाई 5650 मी0 लम्बाई में आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस समरेंखण के चयन में कुल 0.5950 है0 नाप भूमि, 0.00 है0 सिविल सोयम भूमि तथा 3.9550 है0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 3.9550 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस चुने गये समरेंखण पर 7.00 मी0 चौडाई में वृक्षों की गणना की गई जिसमें विभिन्न प्रजातियों के शून्य वृक्ष सिविल सोयम, 671 वृक्ष आरक्षित वन भूमि तथा 08 वृक्ष नाप भूमि (कुल 679 वृक्ष) परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। जिसमें बांज प्रजति के शून्य वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

इस समरेंखण की तुलना में जो वैकल्पिक समरेंखण देखा गया उसमें 7.00 मी0 चौडाई एंव 950 मी0 लम्बाई में नाप भूमि एवं 7.00 मी0 चौडाई 5850 मी0 लम्बाई में आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस समरेंखण के चयन में कुल 0.6650 है0 नाप भूमि, 0.00 है0 सिविल सोयम भूमि तथा 4.0950 है0 आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। जिसमें से कुल 4.0950 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस चुने गये समरेंखण पर विभिन्न प्रजातियों के में 7.00 मी0 चौडाई में कुल 772 वृक्ष परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। जिसमे बांज प्रजति के शून्य वृक्ष प्रभावित होगें।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या–प्रथम के वनभूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एंव उपयुक्त भूमि उपलब्ध नही है तथा इस चुने गये समरेंखण में वनभूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त समरेंखण वन लांघा रेंज के दक्षिणी विन्हार कक्ष संख्या 05 एंव कक्ष संख्या 06 से गुजरता है। इस कक्ष की वर्तमान वन आच्छादन 0.5 है. एंव इस कक्ष में विभिन्न, प्रजाति के वृक्ष हैं। समरेंखण 1 के निर्माण में कुल 679 वृक्ष प्रभावित होंगे जो समरेखंण 2 के अपेक्षा कम हैं।

चुने गये समरेंखण का प्रारम्भ होने का स्थल का GPS का मान 77°53'23.337''E 30°28'41.444''N से प्रारम्भ होता है तथा समरेंखण का अन्तिम बिन्दू पीपलसार में जिसका GPS का मान 77°54'40.971''E , 30°28'16.749''N है। चुने गये समरेंखण के बीच के स्थल का GPS मान 77°53'55.501''E , 30°28'53.983''N है।

चयनित समरेंखण में कुल ..... पौधों को अन्य स्थान पर स्थान्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

चयनित समरेंखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा नही हैं।

चयनित समरेंखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा।

इस समरेंखण पर सडक मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु मक डिस्पोजल स्थल उपयुक्त पाये गये जिनका का GPS मान डिजिटल गूगल मानचित्र में दर्शाये गये हैं।

अतः उक्त संयुक्त निरीक्षण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेसित है।

सहायक अभियन्ता–I (प्रयोक्ता एजेन्सी) निर्माण खण्ड लो०नि०वि० देहरादून	राजस्व विभाग प्रतिनिधि राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र.....	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो०नि०वि०, देहरादून।	वन विभाग प्रतिनिधि
वनक्षेत्राधिकारी वन क्षेत्राधिकारी! लांघा रेंज, लांघा	तहसीलदार तहसीलदार, विकासनगर।	उपजिलाधिकारी उपजिलाधिकारी विकासनगर	उप–प्रभागीय वनाधिकारी सहसपुर उप वन प्रभाग, कालसी।
प्रति हस्ताक्षरित जिलाधिकारी देहरादून			प्रति हस्ताक्षरित प्रभागीय वनाधिकारी कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी

प्रभागीय वनाधिकारी
कालसी भू0सं0 वन प्रभाग,
कालसी।

सेवामें,

वन क्षेत्राधिकारी
लोधा रेंज लोधा,

विषय - ग्राम पंचायत पट्टा की मजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला - मल्लावाला से पीपलसार तक मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र में आने वाले वृक्षों का संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उक्त विषयक क्रम में निवेदन है कि आपके आदेशानुसार ग्राम पंचायत पट्टा की मजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला - मल्लावाला से पीपलसार तक मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र में आने वाले वृक्षों का संयुक्त निरीक्षण लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि व लोधा रेंज के स्टाफ द्वारा दिनांक 17-03-2020 को किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान लोधा रेंज आरक्षित वन क्षेत्र के दक्षिणी विन्हार कक्ष संख्या 5 व दक्षिणी विन्हार कक्ष संख्या 6 में मार्ग निर्माण में बाधक वृक्षों की गणना सूची का विवरण पृष्ठ संख्या 01 से 06 तक पृष्ठांकित है।

अतः सूचना रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु महोदय की सेवामें प्रेषित है।

संलग्नक → पृष्ठ सं० 1 से 6 तक गणना सूची

भवदीय
(हरिजन कोटवाला)
वन दरोगा
लोधा अनुभाग